INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

NON-GAZETTED STAFF UNION

(Recognized by Govt. of India)

H. Q. Office: Canteen Building, Meteorological Complex, Lodhi Road, New Delhi - 110003.
Tel. 43824483

Ref No. Date ....

प्रिय दोस्तों ,

महासचिव का पद पाने के बाद आज पहली बार मैं आप सबके सम्मुख प्रस्तुत होकर कुछ चीजों पर प्रकाश डालना चाहता हूं । जैसा कि आप सब जानते हैं NGSU एक बहुत प्राचीन संगठन है तथा प्रत्येक समय इसने अपने कर्मचारियों के हित के लिए बहुत सारी लडाईयाँ लड़ी हैं और हर समय हम आपके सहयोग से सफल भी हुए हैं । जब भी इस आई एम डी प्रशासन ने हमें दबाने की या हमारे हितों पर चोट पहुंचाने की अथवा अपने मनमाने ढंग से हमारे ऊपर कुछ थोपने की कोशिश की है । हमने अपने विरोध से या अपनी आवाज से प्रशासन को कभी भी सफल नहीं होने दिया । लेकिन इसके साथ साथ यह भी उल्लेखनीय है कि जब जब प्रशासन ने हमारे हितों को बढ़ावा दिया है तो ऐसे समय में हमने उनकी प्रशंसा करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी है ।

हमारा सबसे बड़ा दर्द यह है कि पहले हमारे दुख व दर्द समझे जाते थे लेकिन अब उन सहानुभूति दिखाने की बजाय उन पर नमक छिड़का जाता है । पहले हम यहाँ सब एक होते थे लेकिन आज अधिकारी वर्ग एवं कर्मचारी वर्ग में एक दीवार बन गई है । पहले हम गर्व महसूस करते थे लेकिन अब स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं । पहले हम यहाँ आपसी प्यार व भाईचारा देखते थे अब यहाँ नफरत या चापलूसी दिखाई देती है । यही वजह है कि अब सब कुछ बर्दाश्त से बाहर हो चुका है । अब समय आ गया है इस अन्याय के खिलाफ कार्यवाही करने का । इस कार्यवाही के लिए हमें आप लोगों के साथ की आवश्यकता है मुझे पूरा भरोसा है कि जब भी NGSU इस लड़ाई के लिए आपका सहयोग चाहेगी , आप लोग पहले की तरह फिर अपना वही रुप दिखाएंगें । आपको याद होगा जिसके अन्तर्गत एक प्रमुख अपना कार्यकाल भी पूरा नहीं कर सका तथा समय से पहले ही रिटार्यमेन्ट लेकर चला गया एवं एक को जबरन रिटार्यमेन्ट लेनी पड़ी ।

आज हमारे इस IMD में जितने भी कैडर हैं सभी दुखी है क्योंकि MA कैडर में कोई प्रमोशन नहीं है । LA-I , II, III भी दु:खी हैं । LDC, UDC, Asstt. को वह फायदा नहीं मिल रहा है जो उसे मिलना चाहिए । ड्राफ्टस् मैन, स्टेनो तथा मैकेनिक वर्ग की उन्नति का भी कोई स्कोप नहीं है । और सबसे बड़ा वर्ग जिसपर IMD टिकी है वह SA कैडर है और उसकी हालत सिर्फ वही जानते हैं । मेरा कहना है कि यहाँ पर अराजपत्रित कर्मचारियों के साथ अन्याय हो रहा है । अगर यहाँ पर कोई सुखी है तो वह है उपर का वर्ग जिसके प्रशासन ने बिना भर्ती नियम बनाए मनचाहे ढंग से पदोन्नति दी हैं । उनमें से ऐसे भी हैं जिन्हें 9 महीने में दो बार प्रमोशन मिली है । लेकिन यहाँ तो अगर भर्ती भी करनी है तो उसमें भी कई साल लगते हैं । अभी स्थापना दिवस पर मन्त्री जी ने एक बात कही थी "आप कितनी ही मशीने क्यों न लगा लें जब तक मैन पावर नहीं होगी, कहीं भी तरक्की नहीं हो सकती" । मैंने तो यहाँ तक सुना है कि MTS सटाफ को मन्त्रालय अपने यहाँ Merge करने की सोच रहा है । आज हमारा विभाग सिकुड़ रहा है । और यहाँ पर आफिसर उसका दर्द तो महसूस कर रहे हैं लेकिन इसके विरोध में आवाज नहीं उठाना चाहते हैं ।

लेकिन दोस्तो चिन्ता की कोई बात नहीं अब NGSU ने एक विज्ञापन के जरिए अपनी कुछ मांगे उपर तक पहुंचाई हैं जो निम्नलिखित है:-

- अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए लचीली प्रशंसनीय योजना को लागू करना ।
- सभी कैडर में रिक्त पदों की भर्ती ।
- नई दिल्ली के हैडक्वार्टर स्तर पर RCM, JCM तथा क्षेत्रीय स्तर पर RCM को फिर से चालू करवाना ।
- सभी संवर्गों (Cadres) की पदोन्नति सूची तैयार करवाना ।
- AM-I तथा AM-II का विलय ।
- LA-I तथा LA-II का विलय ।
- OTA तथा NW भत्ते का संशोधन ।

अंत में मैं NGSU की ओर से आपको विश्वास दिलाता हूं कि जब तक हमारी यह मांगे पूरी नहीं होगीं हम किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हैं । हम हर वह तरीका अपनाएंगे जो हमें कामयाबी की दहलीज तक पहुंचा सके । मुझे पूरा यकीन है आप लोग हमारा साथ उसी तरह निभायेंगे जैसा कि विगत समय में भी निभाया है । आप सभी को NGSU की तरफ से शुभकामनाएँ ।

हमारी एकता जिन्दाबाद । NGSU जिन्दाबाद ।

3/3/2017

(वी.पी.कौशिक)
महासचिव